भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1817
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा के जाजपुर जिले में पर्यटन विकास

†1817. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेरा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास जाजपुर जिले में धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक संसाधनों, पहाड़ियों, नदियों और इस्पात तथा औद्योगिक केन्द्र की मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय परिदृश्य में इसके पर्यटन विकास का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्कल ओडिशा में विकसित पर्यटन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन का विकास संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक योजनाओं के माध्यम से पर्यटन सुविधाओं के विकास के उद्देश्य से पर्यटन संबंधी परियोजनाएं शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को सम्पूरित करता है। संबंधित योजनाओं के तहत ऐसी वित्तीय सहायता संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से परियोजना प्रस्ताव की प्राप्ति पर एवं सरकार द्वारा समय-समय पर जारी योजना दिशा-निर्देशों एवं अनुदेशों के अनुपालन, बजट की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है।

ओडिशा राज्य में 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	योजनाएं	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	स्वदेश दर्शन	2015-16	गोपालपुर, बर्कुल, सातपाड़ा और तंपारा का विकास	70.82
2.	प्रशाद	2014-15	पुरी में अवसंरचना विकास	50.00

इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओडिशा राज्य में दो परियोजनाओं सहित देश के 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)**
1.	हीराकुंड का विकास	99.90
2.	सतकोसिया का विकास	99.99

ओडिशा राज्य सरकार ने निर्धारित टेंपलेट के अनुसार जाजपुर जिले के लिए स्वदेश दर्शन, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत कोई परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

*****